# Sumanjari

## Hindi

4

पाठ-1

## वंदन तुम स्वीकार करो

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–

(क) हिमालय को भारत माँ का मुकुट कहा गया है।

(ख) गंगा और यमुना भारत माँ के गले का हार हैं।

(ग) सागर भारत माँ के चरण पकड़ कर भारत माँ के गुण गाता है।

(घ) भारतवासी दिन-रात कार्य करते हैं।

(ङ) मानव को स्वार्थ छोड़कर नये-नये अच्छे कार्य करने चाहिए।

(च) हमें सदा मिलजुल कर प्रेम भाव से रहना चाहिए।

**2.** कविता की पंक्तियाँ पूरी करो–

(क) शुभ्र मुकुट, गंगा-यमुना, कावेरी भी, प्यार लुटाती।

(ख) घने पन, दिशा-दिशा में, कर्म करत जन जीवन, कर्मों से ही।

**3.** निम्नलिखित पंक्तियों का अर्थ अपने शब्दों में लिखो–

हमें अपने स्वार्थ को छोड़कर नित नये-नये अच्छे कार्य करने चाहिये।

हमें मिल-जुलकर प्रेम से रहना चाहिए, और भेदभाव से सबको दूर करना चाहिए।

**4.** नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखो–

जननी – माँ, माता

नव – नया, नवीन

वंदन – पूजन, स्तुति

शुभ्र – श्वेत, सफेद

तुच्छ – नगण्य, तृण

सागर – समुद्र, जलधि

पाठ-2

## रूप बड़ा या गुण

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–

(क) विक्रमादित्य उज्जैन के महाराज थे और विक्रमादित्य वीरता व न्यायप्रियता के लिए प्रसिद्ध थे।

(ख) मेघदूत, रघुवंश, अभिज्ञान शांकुतलम् आदि संस्कृत रचनाओं के रचयिता कालिदास हैं।

(ग) रूप सौंदर्य में विक्रमादित्य परम सुंदर और कालिदास उतने ही कुरूप थे।

(घ) विक्रमादित्य ने कालिदास के रूप की चुटकी ली।

(ङ) कालिदास ने विक्रमादित्य के व्यंग्य का उत्तर देने के लिए संध्या होते ही वे सबसे पहले सीधे सुनार के पाए गए और रातों रात शुद्ध सोने की सुंदर सुराही तैयार करने का आदेश दिया।

(च) राजा ने कालिदास जी से उनके रूप के लिए की गई चुटकी के लिए माफी माँगी।

**2.** किसने, किससे कहा–

(क) किसने-कालिदास जी ने
किससे-महाराजा विक्रमादित्य से

(ख) किसने-महाराजा विक्रमादित्य ने
किससे-सेवक से

(ग) किसने-महाराजा विक्रमादित्य ने
किससे-महाकवि कालिदास से

(घ) किसने-महाकवि कालिदास ने
किससे-महाराजा विक्रमादित्य से

**3.** दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ–

(क) चुटकी लेना–मजाक बनाना

महाराजा विक्रमादित्य ने महाकवि कालिदास का उनके रूप को लेकर मजाक बनाया।

(ख) ताक में लगे रहना–मौका देखते रहना

तुम सावधान रहना इन दिनों वह तुम्हारी ताक में रहता है।

(ग) मचल उठना–जिद करना

श्याम पाठशाला जाने के लिए मचल उठा।

(घ) बरस पड़ना–गुस्सा करना

महाराजा विक्रमादित्य महाकवि कालिदास पर बरस पड़े।

(ङ) सूरज का अंगारे बरसाना–अत्यन्त क्रोधित होना

जेठ की तपती गर्मी में सूरज भी अंगारे बरसाता है।

(च) कानाफूसी करना–कान में किसी के विरोध में कोई बात कहना

राजू को देखते ही गाँव के लोगों ने कानाफूसी शुरू कर दी।

### आओ भाषा सीखें

**1.** नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखो–

रचयिता–लेखक, रचनाकार

अनुमति—इजाजत, सहमति
कुरूप—भद्दा, अपशिष्ट
बेवकूफ—मूख, अल्पबुद्धि
सुंदर—मनोहर, सुहावना
सेवक—दास, नौकर

2. नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द लिखो—
राजा—रंक
मित्रवत-शत्रुवत
बेवकूफ—होशियार
क्षमा—दण्ड
स्वागत—तिरस्कार
सुदंरता—कुरूपता।

पाठ-3

## महायज्ञ का पुरस्कार

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) सेठ जी अपना यज्ञ बेचने कुंदनपुर गये।

(ख) अपनी तंगी का विचार कर सेठजी यज्ञ बेचने को तैयार हो गये।

(ग) सेठ ने चारों रोटियाँ कुत्ते को खिला दीं।

(घ) सेठानी ने समझाते हुए कहा "आज रास्ते में स्वयं न खाकर अपनी चारों रोटियाँ कुत्ते को खिला दी" यह महायज्ञ नहीं तो और क्या है ?

(ङ) सेठ जी को अपने घर में तहखाने के नीचे हीरे-जवाहरात भरे मिले।

2. किसने, किससे कहा ?

(क) किसने-सेठानी ने
किससे-सेठ जी से

(ख) किसने-कुंदनपुर के धन्ना सेठ ने
किससे-सेठ जी से

(ग) किसने-सेठ जी ने
किससे-धन्ना सेठ से

(घ) किसने-धन्ना सेठ की पत्नी ने
किससे-सेठ जी से

3. दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ—

(क) हालत पतली होना-दयनीय दशा हो जाना।
डॉक्टर के पास जाते ही कमल की हालत पतली हो जाती है।

(ख) आसमान से गिरना-बिना परिश्रम के मिल जाना।
कुछ काम धाम करते नहीं, पैसा क्या आसमान से गिरेगा।

(ग) पाँव जम जाना-परेशान हो जाना।
संकट की घड़ी में किशोर के पाँव जम जाते हैं।

4. नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो—
देह—शरीर, तन
नौबत—हालत, नगाड़ा
भगवान—ईश्वर, प्रभु
वेदना—दुख, अफसोस

5. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखो—
क्रय—विक्रय
आधा—पूरा
उदार—अनुदार
उचित—अनुचित
दूरी—अपलब्ध
पतली—मोटी।

पाठ-4

## न्याय मंत्री

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) शिशुपाल का दरवाजा खटखटाने वाला व्यक्ति सम्राट अशोक था।

(ख) शिशुपाल ने कहा कि राज्य में बहुत अन्याय हो रहा है।

(ग) राजा शिशुपाल की न्यायमंत्री के रूप में परीक्षा लेना चाहते थे।

(घ) सम्राट ने स्वयं राजकर्मचारी की हत्या की और फिर शिशुपाल को आरोपी का पता लगाने के लिए कहा।

(ङ) शिशुपाल ने सम्राट को चेतावनी देकर छोड़ दिया और उनके स्थान पर सोने की मूर्ति को फाँसी पर लटका दिया।

(च) इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि न्याय किसी भी व्यक्ति या पद से कई गुना बड़ा होता है।

2. किसने, किससे कहा—

(क) शिशुपाल ने-सम्राट अशोक से

(ख) शिशुपाल ने-सम्राट अशोक से

(ग) सम्राट अशोक ने-शिशुपाल से

(घ) सम्राट अशोक ने-शिशुपाल से

(ङ) शिशुपाल ने-धनवीर से

3. नीचे दिए गए शब्दों के पयार्यवाची शब्द लिखो—

धर्म-पुण्य व्यवस्था-प्रबन्ध

न्याय-इंसाफ अतिथि-मेहमान

आवाज-वाणी अवसर-मौका

4. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखो—

धर्म-अधर्म सम्मान-अपमान

न्याय-अन्याय कठिन-सरल

निर्णय-अनिर्णय पवित्र-अपवित्र

उचित-अनुचित सौभाग्य-दुर्भाग्य

5. नीचे दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करो—

(क) डंका बजाना—किसी बात का प्रभाव होना

भारतीय क्रिकेट टीम ने विश्व में अपना डंका बजा दिया।

(ख) सहम जाना—डर जाना

पुलिस को देखते ही चोर सहम जाते हैं।

(ग) खून खौलना—क्रोधित होना

राकेश जब परीक्षा में फेल हो गया तो उसके पिता का खून खौल गया।

(घ) कलेजा धड़कना—भय होना

हमारा तो उस झूले को देखते ही कलेजा धड़कने लगता है।

## पाठ-5
# सुख की कुंजी

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) जेठ की तपती गर्मी से सड़कों पर सन्नाटा छा गया।

(ख) जेठ के तपने से बरखा आती है।

(ग) जब बरखा आती है और पानी रिमझिम बरसता है तब धरती की सारी तपन मिट जाती है।

(घ) तपना ही सुख की कुंजी है।

(ङ) प्रस्तुत कविता में ऋतुओं के सरल उदाहरणों द्वारा जीवन में सुख और दुःख का संदेश दिया गया है।

2. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—

(क) नीड़ों में, पशु सब, छाया पाने को, सिकुड़

(ख) बरखा आए, रिमझिम, धरती की सारी, लहरें।

3. सरलार्थ लिखो—

(क) प्रस्तुत पंक्तियों में कवि यह बताना चाहते हैं कि जो व्यक्ति जितना कष्ट झेलता है उसे बाद में उतने ही सुख की प्राप्ति होती है।

4. सही अर्थ पर सही का (✓) चिन्ह लगाओ—

(ग) भीषण गर्मी पड़ रही है।

(घ) दोपहर में छाया छोटी हो जाती है।

5. नीचे दिए गए शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची लिखो—

धरती—पृथ्वी, भू, धरणी

पानी—वारि, नीर, जल

## पाठ-6
# सच्चा शिष्य

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) आचार्य ने शिष्यों के सामने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि मेरी कन्या विवाह योग्य हो गई है किन्तु उसका विवाह करने के लिए मेरे पास पर्याप्त धन नहीं है।

(ख) आचार्य ने शिष्यों से कहा "तुम लोग धन ले आओ, किन्तु माँगकर नहीं। तुम उसे इस प्रकार लाओ कि किसी को पता न चले।"

(ग) एक शिष्य कुछ भी इसलिए न ला सका क्योंकि उसे उसके घर में ऐसा स्थान नहीं मिला जहाँ उसे कोई देख न रहा हो।

(घ) आचार्य अपने शिष्यों की दृढ़ता की परीक्षा ले रहे थे और अपनी कन्या के लिए ऐसा वर खोज रहे थे जिसके पास शील, सदाचार ओर चरित्र का धन हो।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—

(क) गुरुकुल, प्रसिद्ध (ख) गुरुदक्षिणा (ग) विवाह (घ) शिष्य (ङ) चरित्र, दृढ़ता (च) योग्य।

3. किसने, किससे कहा—

(क) शिष्यों ने—गुरुदेव से

(ख) गुरुदेव ने—शिष्य से

(ग) शिष्य ने—गुरुदेव से

(घ) गुरुदेव ने—शिष्य से

**आओ भाषा सीखें**

1. नीचे दिए हुए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखो–

पर्याप्त–सन्तोष, पूरा

चेष्टा–प्रयास, कोशिश

दृष्टि–अक्षि, विलोचन

प्रसिद्ध–विख्यात, प्रतिष्ठित

लोभी–लालची, असंतोषी

काल–समय, परिस्थिति

2. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखो–

| | |
|---|---|
| विद्वान-मूर्ख | शिष्य-गुरु |
| विशाल-लघु | धनवान-निर्धन |
| योग्य-अयोग्य | स्वीकार-अस्वीकार। |

## पाठ-7
## कंप्यूटर

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–

(क) पढ़ने-लिखने, बिल बनाने, टिकट छापने, हवाई जहाज में, अंतरिक्षयान उड़ानों में, रोगों की जाँच और इलाज में अर्थात् सभी जगह कम्प्यूटर का प्रयोग किया जाता है।

(ख) कम्प्यूटर एक इलेक्ट्रानिक यंत्र है जिससे एक समय में कई तरह की जानकारियाँ ली जा सकती हैं।

(ग) मौसम की जानकारी इनसेट नामक उपग्रह से कम्प्यूटर की सहायता से प्राप्त होती है।

(घ) इनसेट हमें मौसम की जानकारी प्रदान करता है।

(ङ) अत्यधिक जटिल गणनाओं को कम्प्यूटर मनुष्य की तुलना में तेजी से हल कर सकता है।

(च) कम्प्यूटर का की-बोर्ड टाइपराइटर जैसा ही एक यंत्र होता है इसका एक अभिन्न अंग माउस भी होता है। इसके अलावा कम्प्यूटर के मस्तिष्क को सी.पी.यू. कहते हैं।

(छ) लेपटॉप का आकार छोटी-सी किताब जितना होता है। ये बेट्री से चलाए जाते हैं और इनका प्रयोग यात्रा के दौरान कहीं भी किया जा सकता है।

2. रिक्त स्थान भरो–

| | |
|---|---|
| (क) गणनाएँ | (ख) बिजली |
| (ग) बैंकों | (घ) विश्लेषण |
| (ङ) टाइपराइटर | (च) सी. पी. यू. |

3. नीचे दिए गए विकल्प पर सही (✓) का चिन्ह लगाओ–

(क) (ii) टिकट छापने में (ख) संगणक (ग) (ii) सी.पी.यू.

**आओ भाषा सीखें**

1. 'ता' प्रत्यय जोड़कर शब्द बनाओ–

कठोर + ता= कठोरता

दा + ता=दाता

एक+ ता=एकता

ज्ञा+ता=ज्ञाता

5. नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदलो–

| | |
|---|---|
| संख्याओं-संख्या | बैंकों-बैंक |
| बच्चों-बच्चा | वैज्ञानिक-वैज्ञानिकों |
| उपभोक्ता-उपभोक्ताओं | कार्यक्रम-कार्यक्रमों |

6. नीचे दिए गए शब्दों से वाक्य बनाओ–

(क) प्रत्येक गाँव की गणना उसके लोगों के आधार पर की जाती है।

(ख) हमें निरन्तर प्रयास करते रहना चाहिए।

(ग) कमल बड़ी शीघ्रता से घर में घुस गया।

(घ) अपनी बात सामने वाले के समक्ष स्पष्ट रूप से कहनी चाहिए।

## पाठ-8
## जिदंगी कैसे चलेगी?

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–

(क) पेड़ धूप सहकर भी दूसरों को छाँव देते हैं।

(ख) हमें ऑक्सीजन देने के बदले में पेड़ हमारी गंदी हवा खींच लेते हैं।

(ग) यदि हम पेड़ों को काटते चले जायेंगे तो हमें छाँव कहाँ से मिलेगी।

(घ) यदि हमें ऑक्सीजन नहीं मिलेगी तो हमारी जिंदगी कैसे चलेगी।

(ङ) पेड़ हमें फल, फूल और लकड़ी इत्यादि वस्तुएँ देते हैं।

2. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो–

(क) निरन्तर, ये हवा, मिलती इन्हीं, प्राण वायु

(ख) काटते ही, तो मिलेगी, को बढ़ेंगी, डालियों सी।

3. सरलार्थ करो—

पेड़ धूप सहकर भी हमें छाया देते हैं हमारी मदद करने के लिए अपनी बाहों जैसी डालियाँ फैलाते हैं।

### आओ भाषा सीखें

1. नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखो—

वृक्ष — पेड़, तरु
उपवन — उद्यान, बगीचा
हवा — वायु, समीर
वन — जंगल, विपिन
बादल — मेघ, घन
मदद — सहायता, सेवक
सागर — जलधि, समुद्र
जीवन — जिदंगी, प्राण

2. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम लिखो—

जीवन–मरण साफ–गंदा
शुद्ध–अशुद्ध सहयोग–असहयोग

## पाठ–9
## व्यायाम

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) व्यायाम से शरीर स्वस्थ रहता है, व्यायाम के द्वारा सभी माँसपेशियों में रक्त का प्रवाह बढ़ जाता है और ये सक्रिय हो जाती हैं, आसन हर अवस्था के व्यक्ति के लिए उपयोगी होता है व्यायाम से शरीर के प्रत्येक अंग का भी नियंत्रण हो जाता है।

(ख) मन की प्रसन्नता के लिए शरीर का स्वस्थ रहना आवश्यक है।

(ग) जिस तरह मशीन से काम लेते रहने और उसकी देखभाल करते रहने से वह ठीक हालत में रहती है उसी प्रकार हमारा शरीर भी पेचीदा मशीन है इसमें तरह तरह के कलपुर्जे लगे हैं।

(घ) शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम करना महत्वपूर्ण उपाय है।

(ङ) खेल–कूद, दंड–बैठक, जिमनास्टिक, आसन, दौड़ना, तैरना आदि अनेक प्रकार के व्यायाम होते हैं, जिन्हें हमें निरन्तर करना चाहिए।

(च) शरीर के बहुत से अंग ऐसे हैं, जो तभी काम करते हैं जब हम उनसे काम लेना चाहते है। इन अंगों की गति माँसपेशियों द्वारा ही होती हैं इन्हें हम अपनी इच्छानुसार सिकोड़ या फैला सकते हैं।

2. सही उत्तर पर सही (✓) का चिन्ह लगाओ—

(क) (i) (✓), (ख) (ii) (✓), (ग) (i) (✓)

3. वाक्य बनाओ—

व्यायाम–प्रतिदिन व्यायाम से शरीर स्वस्थ रहता है।

पौष्टिक–स्वास्थ्य के लिए संतुष्टि एवं पौष्टिक भोजन अत्यन्त आवश्यक होता है।

रक्त–हृदय शरीर में दिन–रात रक्त का प्रवाह करता है।

क्रिया–चलने–फिरने जैसी क्रिया भी माँसपेशियों द्वारा ही की जाती है।

### आओ भाषा सीखें

1. निम्नलिखित दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखो—

उपयोगी–अनुपयोगी स्वस्थ–अस्वस्थ
सशक्त–अशक्त खुली–बंद
सक्रिय–निष्क्रिय अनिवार्य–ऐच्छिक, निवार्य

2. वचन बदलो—

अंगों–अंग क्रियाएँ–क्रिया
माँसपेशियाँ–माँसपेशी विद्यालयों–विद्यालय

## पाठ–10
## पंडित रामप्रसाद बिस्मिल

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) पंडित रामप्रसाद बिस्मिल का जन्म उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर में हुआ था।

(ख) पंडित रामप्रसाद बिस्मिल उन महान् क्रांतिकारियों में से थे, जिन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

(ग) कांग्रेस अधिवेशन के समय बिस्मिल जी ने एक पुस्तक की रचना की जिसका शीर्षक था अमेरिका को स्वतन्त्रता कैसे मिली थी।

(घ) क्रांतिकारियों ने लोकमान्य तिलक जी को घोड़ागाड़ी में बैठाकर उसे खींचकर उनकी शोभायात्रा धूमधाम से निकाली।

(ङ) लखनऊ अधिवेशन में बिस्मिल जी को यह पता चला कि देश के अलग–अलग भागों में अनेक क्रांतिकारी युवक सजग हैं और स्वतंत्रता के लिए अपना सब कुछ बलिदान करने को तैयार हैं।

(च) धन की कमी पूरी करने के लिए क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी सरकार के खजाने को लूटने की योजना बनाई। ये योजना काकोरी कांड के नाम से जानी जाती है।

(छ) एक बार किसी षड्यंत्र के अपराध में बिस्मिल जी के विरुद्ध अंग्रेज सरकार ने वारंट निकाल दिए। पुलिस बिस्मिल जी को न पकड़ सके इसलिए बिस्मिल जी ने चरवाहे का रूप धारण कर लिया।

(ज) फाँसी पर जाते समय बिस्मिल जी ने नारा लगाया कि "मैं अंग्रेजी सरकार का सर्वनाश चाहता हूँ"।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखो—

(क) पंडित मुरलीधर तिवारी

(ख) अत्यन्त निर्धनता में

(ग) लोकमान्य तिलक

(घ) लखनऊ

**3.** पर्यायवाची शब्द लिखो—

| | | |
|---|---|---|
| स्वतन्त्रता | – | आजादी |
| साहस | – | हिम्मत |
| संग्राम | – | युद्ध |
| न्यौछावर | – | समर्पित |
| षड्यंत्र | – | साजिश |
| उपकार | – | भलाई |
| मेहनत | – | परिश्रम |
| बलिदान | – | शहादत |

## आओ भाषा सीखें

**1.** निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो—

| | | |
|---|---|---|
| उपकार | – | अनुपकार |
| गरीब | – | अमीर |
| विश्वास | – | अविश्वास |
| स्वतंत्रता | – | आधीनता |
| मेहनती | – | आलसी |
| युद्ध | – | शांति |

**3.** रिक्त स्थानों में क्रिया का उचित रूप भरो—

(क) निकाली (ख) खींचा

(ग) फैल (घ) सुनाई

(ङ) भूलने

## पाठ-11
# सिकंदर की हार

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) राजा पुरु को युद्ध में परास्त कर देने के बाद सिकंदर को विश्व विजय का स्वप्न पूरा होता दिखाई दिया।

(ख) सिकंदर नहीं चाहता था कि कोई उसके साथ जाये इसलिए उसने सैनिक ले जाने से मना कर दिया।

(ग) नदी के किनारे पहुँचकर सिकंदर को धूनी रमाए कुछ साधु दिखाई पड़े। साधु केवल लंगोट पहने हुए थे।

(घ) साधु ने कहा "हमें सांसारिक खुशियों से कुछ लेना-देना नहीं। हम लोगों को कुछ भी नहीं चाहिए।"

(ङ) साधुओं द्वारा सिंकदर को अत्याचारी कहने पर सिकन्दर को अपनी गलती का एहसास हुआ और उसने साधुओं से अपराध के लिए क्षमा मांगी और अपने शिविर की ओर लौट गया।

(च) सिकंदर साधुओं के लिए कम्बल और ऊनी कपड़ों का प्रबन्ध करवाने के लिए शिविर लौट आया।

(छ) सिंकदर साधुओं की बात सुनकर विश्व विजेता नहीं बनना चाहता था इसलिए उसने स्वदेश लौटने की घोषणा की।

**2.** किसने, किससे कहा—

(क) सिकन्दर ने-सेनापति से

(ख) साधु ने-सिकन्दर से

(ग) सिकन्दर ने-साधु से

(घ) सेनापति ने-सिकन्दर से

(ङ) सेनापति ने-सिकन्दर से

(च) सिकन्दर ने-साधुओं से

(छ) साधु ने-सिकन्दर से

**3.** संकेतों की सहायता से वर्ग पहेली पूरी करो—

(क) सेनापति (ख) परास्त

(ग) स्वीकार (घ) जगत

(ङ) रजत

## आओ भाषा सीखें

**1.** नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखो—

| | | |
|---|---|---|
| गरीब-अमीर | वृद्ध-जवान | ठंडी-गर्मी |
| शान्त-अशांत | पिघलना-जमना | जीवन-मृत्यु |

**2.** नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदलो—

| | | |
|---|---|---|
| सवारी | – | सवारियाँ |
| सामग्री | – | सामग्रियों |
| साधु | – | साधुओं |
| लुटिया | – | लुटियाओं |
| घोड़ा | – | घोड़ों |
| कबंल | – | कंबलों |
| रुपया | – | रुपये |
| युवक | – | युवकों |

**3.** लिंग बदलो—

| | | |
|---|---|---|
| महाराज | – | महारानी |
| वृद्ध | – | वृद्धा |
| घोड़ा | – | घोड़ी |
| लेखक | – | लेखिका |

## पाठ–12
# नया वर्ष

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) कवि सबके लिए यह मनोकामना करना चाहते हैं कि नया वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो।

(ख) हाँ, कवि ने इस कविता में नया वर्ष शुभ मंगलमय होने की कामना की गई है।

(ग) यह कविता नववर्ष पर लिखी जाती है।

(घ) कवि का उद्देश्य हमें आने वाले समय के प्रति आशावादी होने का संदेश देता है।

**2.** कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—

अभिलाषा, दिखाई, विश्व में, प्राप्त विजय हो, नया वर्ष शुभ

**3.** सरलार्थ लिखो—

इन पंक्तियों में कवि कहते हैं कि हम सभी को अपना सपना साकार करने के लिए अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए हमें अपने समय का पूर्ण रूप से सदुपयोग करना चाहिए जिससे हमारा भविष्य उज्ज्वल हो सके।

### आओ भाषा सीखें

**1.** निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखो—

| | | |
|---|---|---|
| शुभ | — | मंगलमय, अनुकूल |
| विजय | — | जीत, फतह |
| हर्ष | — | उल्लास, प्रसन्नता |
| उज्जवल | — | उजला, साफ |
| विश्वास | — | भरोसा, ऐतबार |
| अभिलाषा | — | कामना, लालसा |
| संचार | — | नेतृत्व, गमन |
| ध्येय | — | लक्ष्य, मकसद |

**2.** नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखो—

| | |
|---|---|
| मानव—दानव | साकार—निराकार |
| विश्वास—अविश्वास | मंगल—अमंगल |
| विजय—पराजय | शुभ—अशुभ। |

## पाठ–13
# मदर टेरेसा

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) मदर टेरेसा का जन्म 1910 में यूगोस्लाविया में हुआ था।

(ख) अठारह वर्ष की अल्पायु में मदर टेरेसा अपना घर छोड़कर ईसाई सेविका बन गईं और इसी सेवाभाव के कार्य के लिए वे कोलकाता (भारत) आईं और वहीं रहने लगीं।

(ग) सन् 1947 में मदर टेरेसा को सड़क किनारे एक असहाय और बीमार युवती दिखाई पड़ी। वे उसे तुरन्त अस्पताल ले गईं और उसकी बहुत देखभाल की किन्तु उस युवती को बचा न सकीं। इस घटना का मदर टेरेसा पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा।

(घ) मदर टेरेसा को 'जवाहरलाल नेहरू पुरस्कार', 'नोबल पुरस्कार', 'भारत रत्न' की उपाधि से सम्मानित किया गया।

(ङ) 5 सितम्बर, 1997 को मदर टेरेसा की मृत्यु हो गई।

**2.** रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—

(क) सेंट मार्गरेट, 20 वर्षों

(ख) 'निर्मल फ्राइडे होम'

(ग) पटना

(घ) 40 नगरों

(ङ) विदा

**3.** 'क' तथा 'ख' स्तंभों का सही मिलान करो—

| स्तंभ (क) | स्तंभ (ख) |
|---|---|
| (क) 1910 ई. | मदर टेरेसा का जन्म हुआ। |

(ख) 1979 ई. — मदर टेरेसा को नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया।

(ग) 1947 ई. — मदर टेरेसा को सड़क किनारे एक असहाय और बीमार युवती दिखाई पड़ी।

(घ) 1948 ई. — मदर टेरेसा ने अपना प्रथम आश्रम बनाया।

**आओ भाषा सीखें**

1. पढ़ो, समझो और लिखो—

(क) जिसे ज्ञान न हो

(ख) जिसे कोई फिक्र न हो

(ग) जिसका कोई ईमान न हो

(घ) जो पवित्र न हो

(ङ) जो सन्तुष्ट न हो

(च) जिसे सहारा न हो।

## पाठ–14
# ईद का त्यौहार

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) हमारे जीवन में त्यौहारों का महत्वपूर्ण स्थान है। इनसे लोगों के जीवन में एक विशेष प्रकार की चहल-पहल और नई स्फूर्ति आ जाती है।

(ख) ईदगाह के मेले में खर्च करने के लिए बच्चों को जो पैसे मिलते हैं, उसे 'ईदी' कहते हैं।

(ग) रमजान के बाद चाँद निकलने के दूसरे दिन कुरान की उत्पत्ति की खुशी में ईद मनायी जाती है।

(घ) मेहताब के अब्बा ने उसके लिए नया कुरता, पायजामा और टोपी बनवाई। उसकी बहिन शबीना ने भी नया कुरता और नयी सलवार पहना है। इसलिए मेहताब और उसकी बहिन शबीना दोनों खुश हैं।

2. नीचे दिए गए वाक्यों में से सही वाक्यों के आगे सही (✓) का चिन्ह लगाओ—

(क) (✓), (ख) (✓), (ग) (×) (घ) (×)

3. कोष्ठक में दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्दों से वाक्यों के रिक्त स्थान भरो—

(क) त्यौहारों (ख) टोली

(ग) पंक्ति (घ) कृपा

## पाठ–15
# कबीर के दोहे

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) कबीर ने गुरु की महत्ता ईश्वर से अधिक इसलिए बतायी है क्योंकि गुरु बिना ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं होती।

(ख) कबीर कहते हैं कि एक छोटे से तिनके की भी कभी निन्दा न करो जो तुम्हारे पाँव के नीचे दब जाता है। क्योंकि यदि वही तिनका उड़कर आँख में गिर जाये तो हमें बहुत गहरी पीड़ा होती है।

(ग) कबीर कहते हैं कि जैसे कुएँ की जगत पर लगी शिला पानी खींचने वाली रस्सी के बार-बार आने-जाने से कोमल रस्सी की रगड़ पड़ने से घिसकर उस पर निशान अंकित हो जाया करता है। उसी तरह निरन्तर और बार-बार अभ्यास यानि परिश्रम और चेष्टा करते रहने से एक निठल्ला और जड़बुद्धि समझा जाने वाला व्यक्ति भी कुछ करने योग्य बन जाता है।

(घ) आज का काम कल करने की प्रवृत्ति इसलिए बुरी होती है क्योंकि कल कभी नहीं आता।

2. नीचे लिखे दोहों को पूरा कीजिए—

(क) काके लागों पायँ, गोविन्द दियो बताय

(ख) सुख में करे न कोय, जो सुख में सुमिरन करे।

3. नीचे लिखे गए दोहों का अर्थ लिखो—

(क) हमें छोटे से छोटे तिनके की भी कभी निन्दा नहीं करनी चाहिए जो हमारे पैरों के नीचे दब जाता है यदि वही तिनका उड़कर आँख में गिर जाये तो हमें बहुत पीड़ा होती है।

(ख) कबीर कहते हैं कि जैसे कुएं की जगत पर लगी शिला पानी खींचने वाली रस्सी के बार-बार आने जाने से कोमल रस्सी की रगड़ पड़ने से घिसकर उस पर निशान अंकित हो जाता है, उसी तरह निरन्तर अभ्यास यानि चेष्टा करने से निठल्ला व्यक्ति भी कुछ करने योग्य बन जाता है।

**आओ भाषा सीखें**

1. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखो—

दुःख-सुख बुद्धिमान-मूर्ख

फूल-काँटा निंदा-प्रशंसा

2. नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो—

ईश्वर—भगवान, प्रभु

आँख—नेत्र, नयन

मूर्ख—गवाँर, अनपढ़

स्मरण—याद, स्मृति

3. उदाहरण के अनुसार नीचे दिए गए शब्दों का वर्ण विच्छेद करो—

बलिहारी-ब् + अ + ल् + इ + ह् + आ + र् + ई

तिनका-त् + इ + न् + अ + क् + आ

सुजान- स् + उ + ज् + आ + न् + अ

## पाठ-16
## मिट्टी और सोने का मूल्य

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) तैमूरलंग मंगोल लूटेरा था और बड़ा लालची था।

(ख) तैमूरलंग ने लोगों से सुना कि भारत इतना धनी है कि वहाँ सोना मिट्टी के भाव बिकता है। इस उद्देश्य से वह भारत पर आक्रमण करना चाहता था।

(ग) गाँव के मुखिया ने तैमूरलंग को गाँव का अतिथि मानकर उसका आदर सत्कार किया और उसके खाने-पीने की भी उत्तम व्यवस्था की गई।

(घ) तैमूर द्वारा सोने की तश्तरी के विषय में पूछने पर मुखिया ने उत्तर दिया "सब जानते हैं कि केवल खाने से आपकी तृप्ति नहीं होगी यह सोचकर सोने से भरी तश्तरी आपके सामने रखी गई है।"

(ङ) मुखिया के पास दो किसान शिकायत लेकर पहुँचे कि उन्हें खेत में एक सोने का कलश मिला है और वह कलश किसे रखना चाहिये।

(च) मुखिया ने अपना निर्णय सुनाया "जब दोनों में से कोई इस सोने से भरे कलश को रखने के लिए तैयार नहीं है तो यह सोना ग्राम पंचायत का है इसे गाँव की भलाई के काम में लगाया जायेगा।"

2. किसने, किससे कहा—

(क) मुखिया ने—तैमूरलंग से

(ख) पहले किसान ने—मुखिया से

(ग) दूसरे किसान ने—मुखिया से

(घ) मुखिया ने—किसानों से

3. नीचे दिए गए कथनों में सही कथन पर सही (✓) तथा गलत कथन पर (×) का चिन्ह लगाओ—

(क) (✓), (ख) (×), (ग) (✓), (घ) (✓), (ङ) (✓), (च) (✓)

4. नीचे दिए गए वाक्यांशों के लिए पाठ में से छाँटकर एक-एक शब्द लिखो—

(क) लुटेरा (ख) लालची

(ग) धनी (घ) विदेशी

**आओ भाषा सीखें**

1. नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखो—

| | | |
|---|---|---|
| अतिथि | – | मेहमान, आगंतुक |
| किसान | – | कृषक, कृषजीवी |
| निर्णय | – | फैसला, निश्चय |
| उत्तम | – | अनुपम, श्रेष्ठ |
| विश्राम | – | आराम, राहत |
| वार्तालाप | – | बातचीत, वार्ता |
| धनी | – | धनवान, रईस |
| सोना | – | स्वर्ण, कंचन |

2. दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखो—

(क) वह (ख) उसकी

(ग) इस (घ) यह

(ङ) इसे

3. नीचे दिए गए वाक्यों में से प्रश्नवाचक शब्द छाँटकर लिखो—

(क) किससे (ख) क्यों

(ग) क्या (घ) कहाँ

(ङ) किसके

## पाठ-17
## घर और संसार

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) चिड़िया का घोंसला सूखे तिनकों से बना था।

(ख) पेड़ पर डालियों के बीच हरा-भरा वातावरण था।

(ग) खुले आसमान में उड़ते समय चिड़िया को समझ आया कि यह संसार बहुत बड़ा है।

(घ) जैसे जैसे चिड़िया बड़ी होती है उसे संसार के बड़े होने का ज्ञान होता है इसलिए संसार के बारे में उसका ज्ञान बार-बार बदल जाता है।

**2.** कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—

(क) घर का , अंडे जैसा, थी बस, इतना सा।

(ख) बना घोंसला, सूखे तिनकों, समझती थी बस, इतना सा।

**3.** सरलार्थ कीजिए—

जब चिड़िया अपने पंख फैलाकर पहली बार आकाश में उड़ती है तब उसके समझ में आता है कि यह संसार बहुत बड़ा है।

**4.** सु (अच्छा) उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाओ व उनके अर्थ लिखो—

सुकुमार - अच्छा लड़का

सुपुत्र - अच्छा पुत्र

सुगम - रोमांचक

सुशील - सज्जन

सुगंध - अच्छी महक

**5.** नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो—

घर - गृह, भवन

संसार - दुनिया, जगत

आसमान - आकाश, अंबर

पक्षी - खग, विहग

शाखा - टहनी, डाली

सुकुमार - कोमल, नरम

**6.** नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखो—

| | |
|---|---|
| अब - तब | दूर - पास |
| कोमल - कठोर | पसार - सिकुड़ना |
| हरी-भरी-सूखा | बड़ा-छोटा |

## पाठ-18
## काजी का इंसाफ

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) सुल्तान ने जब हिरन का शिकार करने के लिए तीर छोड़ा तो वह तीर धोखे से भेड़ चराने वाले एक लड़के को जा लगा। तीर लगते ही लड़का धरती पर जा गिरा और मर गया।

(ख) बूढ़ी अम्मा ने काजी से प्रश्न किया "कि क्या सुल्तान किसी मुर्दे में जान डालकर उसे जिंदा कर सकता है?"

(ग) काजी ने फैसला सुनाया कि "गुनाह की सजा माफी नहीं हो सकती, सुल्तान! और कहा सुल्तान पूरी जिंदगी अपनी व्यक्तिगत आय से बूढ़ी अम्मा की परवरिश करें।"

(घ) सुल्तान तलवार को साथ इसलिए लाए थे कि यदि काजी उसका लिहाज करके इंसाफ नहीं करते तो वह काजी का सिर धड़ से अलग कर देता।

(ङ) काजी कोड़े को कपड़ों के नीचे छिपाकर इसलिए लाए थे कि यदि सुल्तान ने अपना गुनाह कबूल न किया और इंसाफ मानने से इंकार किया तो काजी सुल्तान की चमड़ी उधेड़ देते।

**2.** किसने, किससे कहा—

(क) बूढ़ी अम्मा ने-काजी से

(ख) काजी ने-बूढ़ी अम्मा से

(ग) काजी ने-सुल्तान से

**3.** सही कथन के सामने सही (✓) तथा गलत कथन के सामने गलत (×) का चिन्ह लगाओ—

(क) (×), (ख) (✓), (ग) (✓), (घ) (×), (ङ) (✓)

### आओ भाषा सीखें

**1.** नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखो—

इंसाफ—न्याय,फैसला

कबूल—स्वीकृति, मंजूरी

क्रोधित—रोष, कोप

तरकीब—उपाय, तरीका

हक—अधिकार, कब्जा

लाज—शर्म, लज्जा

**2.** निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो—

| | |
|---|---|
| (क) शिकारी | (ख) ग्वाला |
| (ग) मृत | (घ) विधवा |
| (ङ) न्यायाधीश | |

## पाठ-19
## एक

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) महल जैसा घर बनाने के लिए हमें रोज एक-एक ईंट जोड़नी चाहिए।

(ख) जो नई-नई पुस्तकें रोज पढ़ता है वही विद्वान होता है।

(ग) हमें स्वयं खुश रहने के लिए रोज सबको खुशियाँ बाँटनी चाहिए।

(घ) प्रस्तुत कविता से हमें यह शिक्षा मिलती है कि कोई भी महान कार्य करने के लिए शुरुआत हमेशा छोटे कार्य से ही की जाती है।

2. कविता की निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी करो—

एक-एक ईंट को जोड़ो रोज।,

मन लगाकर पढ़ना रोज।,

नई नई पुस्तक पढ़ना रोज।

**आओ भाषा सीखें**

1. दिए गए उदाहरण देखकर अन्य शब्द बनाइये—

(क) तुम—तम्हें, तुम्हारा

(ख) बाग—बगीचा, बागवानी

(ग) धन—धनी, धनवान

(घ) विद्या—विद्यार्थी, विद्यालय

(ङ) खुश—खुशी, खुशहाल

4. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो—

पेड़—वृक्ष, तरु

घर—भवन, गृह

रुपया—धन, दौलत

खुशी—उल्लास, प्रसन्नता

## पाठ-20
## अमीर खुसरो

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) अमीर खुसरो हिन्दी, उर्दू और फारसी के महान कवि थे।

(ख) अमीर खुसरो अरबी, फारसी, तुर्की और हिन्दी भाषाओं के ज्ञाता थे।

(ग) कविता के बारे में चारों पनिहारिनों की माँग अलग-अलग होने पर खुसरो ने एक ही कविता में चारों की बातें सुना दीं।

(घ) नान बाई की दुकान पर अमीर खुसरो को अपनी लोकप्रियता के बारे में पता लगा।

(ङ) जूता क्यों न पहना ? समोसा क्यों न खाया ? तला न था।

2. नीचे दिए गए अमीर खुसरो की दोसखूने का आशय स्पष्ट करो—

(क) जूता क्यों न पहना तला (पेंदा) ना था, समोसा क्यों न खाया तला (पका हुआ) ना था एक ही शब्द के दो अलग-अलग अर्थ निकालें।

3. सही कथन के सामने सही (✓) तथा गलत कथन के सामने गलत (×) का चिन्ह लगाओ—

(क)(✓), (ख) (✓), (ग) (×), (घ) (×)

**आओ भाषा सीखें**

1. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखो—

प्रेम—घृणा

आसमान—धरती

बहादुरी—कायरता

झूठ—सच

गरीब—अमीर

उत्तर—प्रश्न

2. नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखो—

सोना—अरुण, सूर्य

तला—तलुवा, पका हुआ

भाग—हिस्सा, गणित की एक गणना

लोटा—बर्तन, वास लौटना

डाल—टहनी, डलिया (टोकरी)

दिया—दीपक, किसी काम को कर देना

हार-पराजय, फूलों की माला

फूट-झगड़ा करवाना, टूट जाना।

## प्रथम प्रश्न-पत्र

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो—

जननी—माँ

कुंजी—ताला खोलने का साधन

न्यायप्रियता—इंसाफ पसंदी

प्रांगण—आँगन, अहाता

धर्म-परायण—धर्म आस्था रखने वाले

परिक्रमा—चक्कर

निस्तब्धता—चुप्पी, शांति

सींचना—पानी देना

लघु उत्तरीय प्रश्न

**2.** नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो—

(क) जननी—माँ, माता

(ख) वंदन—पूजन, प्रार्थना

(ग) तुच्छ—थोड़ा, नीच

**3.** किसने, किससे कहा—

(क) कालीदास जी ने—महाराजा विक्रमादित्य से

(ख) शिष्यों ने—सम्राट अशोक से

(ग) शिष्यों ने—गुरुदेव से

(घ) बिस्मिल जी ने—कांग्रेसी से

(ङ) सिकन्दर ने—सेनापति से

**4.** निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ—

(क) चुटकी लेना-मजाक बनाना, हंसी उड़ाना

रिया अपने छोटे भाई की हमेशा चुटकी लेती रहती है।

(ख) ताक में लगे रहना-मौका ढूँढते रहना।

विद्यार्थी इसी ताक में लगे रहते हैं कि परीक्षा में शिक्षक की नजर हटे और वे नकल करें।

(ग) मचल उठना-जिद करना

श्याम गुरुजी के साथ आश्रम में जाने के लिए मचल उठा।

(घ) बरस पड़ना-क्रोध में आकर खरी खोटी सुनाना। गुरुजी बच्चों की छोटी-छोटी भूल पर भी बरस पड़ते थे।

(ङ) काना-फूसी करना-कान में धीरे से किसी के विरोध में कोई बात कहना।

गाँव में कुछ लोगों ने राधा को देखते ही कानाफूसी करना आरम्भ कर दिया।

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) हिमालय को भारत माँ का मुकुट कहा गया।

(ख) महायज्ञ के बाद सेठ जी को अपने तहखाने के नीचे हीरे जवाहरात भरे मिले।

(ग) सम्राट ने स्वयं राज कर्मचारी की हत्या की और फिर शिशुपाल को आरोपी का पता लगाने के लिए कहा।

(घ) कठिन परिश्रम करना ही सुख की कुंजी है।

(ङ) आचार्य ने शिष्यों के सामने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि मेरी कन्या विवाह योग्य हो गई है किन्तु उसका विवाह करने के लिए मेरे पास पर्याप्त धन नहीं है।

(च) पढ़ने-लिखने, बिल बनाने, टिकट छापने, हवाई जहाज में, अन्तरिक्षयानों में, रोगों की जाँच और इलाज आदि में सभी कार्यों में कम्प्यूटर को प्रयोग में लाया जाता है।

(छ) व्यायाम से शरीर स्वस्थ रहता है। व्यायाम के द्वारा सभी माँसपेशियों में रक्त का प्रवाह बढ़ जाता है। मांसपेशियाँ सक्रिय हो जाती हैं। व्यायाम से शरीर के प्रत्येक अंग का भी नियंत्रण हो जाता है।

(ज) पंडिम रामप्रसाद बिस्मिल उन महान क्रांतिकारियों में से थे, जिन्होंने देश के स्वतन्त्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**6.** निम्नलिखित पंक्तियों का अर्थ अपने शब्दों में लिखो—

(क) इन पंक्तियों द्वारा कवि भारत माँ को सम्मान देते हुए कह रहे हैं कि हम सभी को अपने स्वार्थ के लिए न सोचकर हमेशा नए-नए कार्य करते रहना चाहिए और भेदभाव को दूर करके सबसे मिल-जुलकर ही रहना चाहिए।

(ख) इन पंक्तियों में कवि वृक्ष के अनमोल महत्व का सुंदर व सहज चित्रण करते हुए कह रहे हैं कि पेड़, धूप सहकर भी सभी को छाँव देते हैं और जब किसी की मदद करनी हो तो अपनी डालियों जैसी बाहें आगे बढ़ा देते हैं।

(ग) इन पंक्तियों में कवि ने हर व्यक्ति के जीवन में आने वाले सुख और दु:ख का वर्णन किया है। कवि कहते हैं कि जो व्यक्ति जितना कष्ट झेलता है वह उतना ही सुख पाता है। कष्ट झेलने को ही सुख की कुंजी बताया है।

## द्वितीय प्रश्न-पत्र

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**1.** निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो—

मंगलमय—कल्याणकारी

समर्पित—भेंट करना

बलिहारी—न्यौछावर होना

अंगरक्षक—अपनी सुरक्षा के लिए रखे गए सिपाही

कबूल—स्वीकार

पनिहारिन—पानी खींचकर लाने वाली स्त्री

आरक्षित—जिसका आरक्षण हुआ हो, नामांकित

उत्फुल्ल—विकसित, खिला हुआ, आनन्द युक्त।

**2.** नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखो—

(क) मानव—दानव

(ख) साकार—निराकार

(ग) विश्वास—अविश्वास

(घ) मंगल—अमंगल

**3.** नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो—

(क) ईश्वर—प्रभु, भगवान

(ख) आँख—नेत्र, नयन

(ग) मूर्ख—अज्ञानी, जड़

(घ) स्मरण—स्मृति, याद्दाश्त

**4.** कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—

अभिलाषा, दिखलाई दे, विश्व में, प्राप्त विजय हो, नया वर्ष शुभ।

**5.** किसने, किससे कहा—

(क) गाँव के मुखिया ने—तैमूरलंग से

(ख) किसान ने—गाँव के मुखिया से

(ग) बूढ़ी अम्मा ने—काजी से

लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिये—

(क) यह कथन शिशुपाल ने, परदेसी से कहा।

(ख) मदर टेरेसा का जन्म 1910 में यूगोस्लाविया में हुआ।

(ग) ईद का त्यौहार रमजान के बाद चाँद निकलने के दूसरे दिन कुरान की उत्पत्ति की खुशी में मनाया जाता है।

(घ) कबीर ने गुरु की महत्ता ईश्वर से अधिक इसीलिए बतायी है क्योंकि गुरु बिना ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं होती।

(ङ) तैमूरलंग मंगोल लुटेरा था और बड़ा ही लालची था।

(च) सुल्तान ने जैसे ही एक हिरन का शिकार करने के लिए तीर छोड़ा। तीर धोखे से भेड़ चराने वाले लड़के को जा लगा।

(छ) अमीर खुसरो हिंदी, उर्दू और फारसी के महान् कवि थे। जिन्हें हिन्दी भाषा और हिन्दुस्तान से विशेष प्रेम था।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**7.** निम्नलिखित पंक्तियों का सरलार्थ लिखो—

(क) इन पंक्तियों के माध्यम से कवि हमें आने वाले समय के प्रति आशावादी होने का संदेश दे रहे हैं। कवि कहना चाहते हैं कि आने वाले नये वर्ष में सभी अपना लक्ष्य निश्चित कर लें। सभी के सपने पूरे हों। सभी का भविष्य उज्जवल हो और सभी का स्वास्थ्य अच्छा हो। नया वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो।

●●